संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–––पृष्ठ 04 दिनांक....23/01/.2021

पुलिस-प्रशासन ने शुरू की 26 जनवरी की तैयारी

# अनलॉक में धूमधाम से मनेगा गणतंत्र दिवस



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. कोरोना संकट के बाद अनलॉक की प्रक्रिया में अब गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। 26 जनवरी का मुख्य कार्यक्रम जिला पुलिस लाइन में होगा। यहां पर मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण के बाद मुख्यमंत्री का संदेश का वाचन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस के साथ ही प्रशासन ने भी तैयारियां तेज कर दी है। पुलिस के द्वारा रोज सुबह-शाम परेड का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है।

वहीं दूसरी और कलेक्टर के द्वारा सभी विभागों को उनके विभाग से जुड़ी झांकियां भी तैयार करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। ऐसे में अब सभी विभाग झांकियों को तैयार कराने में जुट गए है जो कि 26 जनवरी को प्रदर्शित की जाएगी। वहीं पुलिस और होमगार्ड सैनिक के साथ ही परेड में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेट सहित अन्य सभी संस्थाओं से जुड़े सदस्य परेड का पूर्वाभ्यास करने में जुट गए हैं। पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड पर हर दिन सुबह- शाम परेड का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है।

## सज उठी दुकानें पत्रिका

वहीं बाजार में भी गणतंत्र दिवस का उत्साह नजर आने लगा है। व्यापारियों सहित छोटे स्तर पर वाहनों के माध्यम से फेरी लगाने वाले भी अब तिरंगा सहित अन्य सामग्री बाजार में बेचने के लिए निकल पड़े हैं। इन सामग्रियों में बैच, हाथ के बैंड, स्टीकर सहित अन्य कई प्रकार की सामग्रियां शामिल है।

## गणतंत्र दिवस की परेड का पूर्वाभ्यास



जिला मुख्यालय रतलाम पर होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। पुलिस परेड ग्राउंड में परेड का पूर्वाभ्यास करते हुए पुलिसकर्मी। • नईदुनिया

नईदुनिया

नईदुनिया 23/01/2021

# रंगो से सुंदर शहर की कल्पना को केनवास पर उकेरा

## – स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर की नारी शक्ति ने मैराथन दौड़ में हिस्सा लेकर

रतलाम। स्वच्छ और साफ सुथरे शहर की कल्पना आज एक अहम मुद्दा है और स्वस्थ नगर के लिये आवश्यक सोच भी है। ये भी सच है कि साफ सुंदर जगह पर रहना हर कोई पसंद करता है, फिरभी सडकों पर ये कचरे का ढेर,

## शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया

सडकों पर बहता नालियों का पानी, सडकों और नालों में यहां–वहां बिखरे कचरे यही बंया कर रहे हैं कि स्वच्छता के प्रति हम अब भी उदासीनता है। ऐसे में जरुरी है कि सभी शहर के कोने–कोने को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करे और इसके लिए औरों को भी प्रेरित करे।

शहर के शास्त्री नगर स्थित श्री गुरुतेग बहादुर पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में शहर की स्वच्छता में मेरी भूमिका विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री गुरुनाम सिंह, नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी और स्वास्थ्य प्रभारी एपीसिंह की मौजूदगी में किया गया। इस मौके पर 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रंगो के माध्यम से सुंदर शहर की कल्पना को केनवास पर उतारा है।

स्कूली बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से घर और शहर की सडकों से निकले कचरे के निपटान, इसका उपयोग खाद के रुप में करने आदि व्यवस्था से जुड़े चित्र भी बनाए। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य अवनीश प्रिण्‍डे, प्रधान अध्यापिका सरला माहेश्वरी सहित अतिथियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, दृतीय और तृतीय स्थान पर रहे प्रतियोगियों को शील्ड व प्रमाणपत्र भेज किए वहीं अन्य सभी प्रतियोगियों को स्वच्छता सम्मान भेंट किए गए। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। इन्दौर

**पहल** • शुद्धिकरण व 151 फीट ऊंची महादेव प्रतिमा के स्थापित होने तक निकालेंगे यात्रा

# अमृत सागर तालाब शुद्धिकरण को लेकर निकाल रहे धर्म ध्वजा यात्रा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

ऐतिहासिक अमृत सागर तालाब की दिन पर दिन दशा बिगड़ती जा रही है। तालाब में गंदा पानी आने से गंदगी भी फैल रही है। तालाब के शुद्धिकरण को लेकर प्रतिदिन धर्मध्वजा यात्रा निकाली जा रही है। इसमें क्षेत्रवासी सहित अन्य शामिल हो रहे हैं। इन्होंने प्रण लिया है कि जब तक तालाब का शुद्धिकरण व तालाब के बीच में 151 की प्रतिमा स्थापाति नहीं हो जाती है तब तक यह धर्म ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी।

तालाब को शुद्ध करने व उसके सौंदर्यीकरण को लेकर पूर्व में भी कई प्रकार के आंदोलन हो चुके हैं लेकिन उसके बाद भी इस तालाब का सौंदर्यीकरण नहीं हो पाया है। अमृत सागर तालाब किनारे अति प्राचीन भगवान गढ़ कैलाश के अलावा कई भगवान व देवी-देवताओं के मंदिर हैं। यह स्थान धर्म क्षेत्र के रूप में विकसित हो सकता है। इसको लेकर पूर्व में भी सरकार व नगर निगम ने योजनाएं बनाई है,लेकिन उन्हें मूर्त रूप नहीं मिल पाया है।

## तालाब के पास भगवान गढ़ कैलाश के अलावा कई प्राचीन मंदिर



अमृतसागर तालाब के शुद्धिकरण को लेकर शहर के विभिन्न संगठन अब धर्मध्वजा यात्रा निकाल रहे हैं।

### प्रतिमा की स्थापना के लिए सभी से लेंगे सहयोग

शुद्धिकरण को लेकर कार्तिक व्यायामशाला के सत्यनारायण शर्मा ने धर्मध्वजा यात्रा निकाल रहे हैं। दो सप्ताह से निकाली जा रही धर्मध्वजा यात्रा में क्षेत्रवासियों के अलावा शहर के विभिन्न संगठन के पदाधिकारी व सदस्य भी शामिल हो रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 7 से 8 बजे तक अमृत सागर तालाब की तीन परिक्रमा की जा रही है। सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि जब तक तालाब का शुद्धिकरण नहीं होगा तब तक धर्म ध्वजा महाकुंभ यात्रा निकाली जाएगी। तालाब शुद्धि के साथ ही उक्त तालाब में 151 फीट ऊंची भगवान महादेव की प्रतिमा की स्थापित की जाना है। इसे स्थापित करने के लिए सभी से सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से यात्रा में शामिल होने का आव्हान किया।

### सौंदर्यीकरण में 22.84 करोड़ रुपए खर्च होंगे

विधायक काश्यप की पहल पर केंद्र सरकार ने झील संरक्षण योजना में प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल गई है। इस पर 22.84 करोड़ रुपए खर्च होंगे। सब सही रहा तो जल्द तालाब का का काम शुरू हो सकता है।

भास्कर

# रंगो से सुंदर शहर की कल्पना को केनवास पर उकेरा

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर की नारी शक्ति ने मैराथन दौड़ में हिस्सा लेकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।



रतलाम । स्वच्छ और साफ सुथरे शहर की कल्पना आज एक अहम मुद्दा है और स्वस्थ नगर के लिये आवश्यक सोच भी है। ये भी सच है कि साफसुंदर जगह पर रहना हर कोई पसंद करता है, फिरभी सडकों पर ये कचरे का ढेर, सडकों पर बहता नालियों का पानी, सडकों और नालों में यहाँ-वहाँ बिखरे कचरे यही बंया कर रहे हैं कि स्वच्छता के प्रति हम अब भी उदासीनता है। ऐसे में जरुरी है कि सभी शहर के कोने-कोने को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करे और इसके लिए औरों को भी प्रेरित करे।

गुरुवार को शहर के शास्त्री नगर स्थित श्रीगुरुतेग बहादुर पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में शहर की स्वच्छता में मेरी भूमिका विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री गुरुनाम सिंह, नगर निगम उपायुक्त श्री विकास सौलंकी और स्वास्थ्य प्रभारी एपीसिंह की मौजूदगी में किया गया। इस मौके पर 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रंगो के माध्यम से सुंदर शहर की कल्पना को केनवास पर उतारा है।

स्कूली बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से घर और शहर की सड़कों से निकले कचरे के निपटान, इसका उपयोग खाद के रुप में करने आदि व्यवस्था से जुड़े चित्र भी बनाए। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य अवनीश पाण्डे, प्रधान अध्यापिका सरला माहेश्वरी सहित अतिथियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे प्रतियोगियों को शील्ड व प्रमाणपत्र भेज किए वही अन्य सभी प्रतियोगियों को स्वच्छता सम्मान भेंट किए गए।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।


नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफऔर सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान गुरुवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है, ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

# कर्मचारियों को अपनी संस्था पर ही लगेंगे टीके, केंद्रों पर इंतजाम पूरे

## कोरोना टीकाकरण की गाइडलाइन में होगा बदलाव, फ्रंटलाइन वर्कर को होगी सुविधा

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना टीकाकरण में जिले में फ्रंटलाइन वर्करों को टीके लगाने के लिए अब बदलाव किए जाने की तैयारी है। पहले जिले में दो केंद्र बनाए गए थे। इसमें मेडिकल कॉलेज में 16 जनवरी से तीन सत्र के बाद 21 जनवरी को टीकाकरण नहीं किया गया। बाल चिकित्सालय में टीके लगाने का काम जारी है। मेडिकल कॉलेज में कॉलेज में पदस्थ डॉक्टरों, कर्मचारियों को ही टीके लगाए जाने थे। इसी तर्ज पर अब नई व्यवस्था की जा रही है। इसमें स्वास्थ्य संस्थाओं में पदस्थ फ्रंटलाइन वर्करों के लिए उनकी संस्था को ही केंद्र बनाकर टीके लगाए जाएंगे।



मालूम हो कि 16 जनवरी के बाद चार सत्र में जिले में कुल 381 फ्रंटलाइन वर्कर्कों को टीके लगाए गए हैं। एक केंद्र के लिए 100-100 के मान से मैसेज भेजे गए थे। ऐसे में चार सत्रों में कुल 800 लोगों को टीके लगना था, लेकिन कई कर्मचारियों ने केंद्र से दूर होने, ड्यूटी पर होने का हवाला दिया और टीका लगवाने नहीं पहुंचे। अब नई व्यवस्था में सभी कर्मचारी अपनी संस्था पर ही टीके लगा सकेंगे, हालांकि इस संबंध में आदेश आना बाकी है। स्वास्थ्य विभाग के मीडिया प्रभारी आशीष चौरसिया ने बताया कि नई व्यवस्था को लेकर निर्देश मिलने पर इंतजाम किए जाएंगे। मालूम हो कि जिले में वैक्सीनेशन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 21 केंद्रों पर सभी इंतजाम पहले से ही कर लिए हैं। प्रारंभिक तौर पर दो केंद्र शुरू किए गए थे।

### 401 रिपोर्ट में छह नए पॉजिटिव, 16 डिस्चार्ज

वैक्सीनेशन की शुरुआत होने के बाद से जिले में कोरोना संक्रमण के नए केस की संख्या लगातार घट रही है। शुक्रवार को छह नए पॉजिटिव केस सामने आए और 16 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। शहर की कलीमी कॉलोनी के 60 वर्षीय पुरुष, शक्ति नगर के 45 वर्षीय पुरुष, डोंगरे नगर के 61 वर्षीय पुरुष, दो बत्ती क्षेत्र के 36 वर्षीय पुरुष, रपट रोड जावरा के 45 वर्षीय पुरुष, 42 वर्षीय महिला के सैंपल की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। जिले में संक्रमितों का आंकड़ा 4299 हो गया है। 16 मरीजों के डिस्चार्ज होने के बाद स्वस्थ होने वालों की संख्या 4137 हो गई है। 80 की मौत हो चुकी है। एक्टिव मरीजों की संख्या 82 है। जिला महामारी नियंत्रक डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि शुक्रवार को कुल 401 रिपोर्ट में छह नए पॉजिटिव केस सामने आए। मेडिकल कॉलेज की 164 रिपोर्ट में चार नए पॉजिटिव केस सामने आए। इसी प्रकार 237 रैपिड एंटीजन टैस्ट में दो नए पॉजिटिव केस सामने आए।

नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 09 दिनांक 23/01/2021

सभी शहर के कोने-कोने को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करे और इसके लिए औरों को भी प्रेरित करें

# रंगों से सुंदर शहर की कल्पना को केनवास पर उकेरा

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क



स्वच्छ और साफ सुथरे शहर की कल्पना आज एक अहम मुद्दा है और स्वस्थ नगर के लिये आवश्यक सोच भी है। ये भी सच है कि साफसुंदर जगह पर रहना हर कोई पसंद करता है, फिर भी सडकों पर ये कचरे का ढेर, सडकों पर बहता नालियों का पानी, सडकों और नालों में यहाँ-वहाँ बिखरे कचरे यही बंया कर रहे हैं कि स्वच्छता के प्रति हम अब भी उदासीनता है। ऐसे में जरुरी है कि सभी शहर के कोने-कोने को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करे और इसके लिए औरों को भी प्रेरित करे। गुरुवार को शहर के शास्त्री नगर स्थित श्रीगुरुतेग बहादुर पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में शहर की स्व‰छता में मेरी भूमिका विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुरुनाम सिंह, नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी और स्वास्थ्य प्रभारी एपीसिंह की मौजूदगी में किया गया। इस मौके पर 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रंगो के माध्यम से सुंदर शहर की कल्पना को केनवास पर उतारा है।

21/5

# रंगों से सुंदर शहर की कल्पना को केनवास पर उकेरा

दैनिक अवंतिका ● रतलाम

## नारी शक्ति ने मैराथन दौड़ में हिस्सा लेकर शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया

स्वच्छ और साफ सुथरे शहर की कल्पना आज एक अहम मुद्दा है और स्वस्थ नगर के लिये आवश्यक सोच भी है। ये भी सच है कि साफ सुंदर जगह पर रहना हर कोई पसंद करता है, फिरभी सडकों पर ये कचरे का ढेर, सडकों पर बहता नालियों का पानी, सडकों और नालों में यहां-वहां बिखरे कचरे यही बंया कर रहे हैं कि स्वच्छता के प्रति हम अब भी उदासीनता है। ऐसे में जरुरी है कि सभी शहर के कोने-कोने को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करे और इसके लिए औरों को भी प्रेरित करे।

शहर के शास्त्री नगर स्थित श्री गुरुतेग बहादुर पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में शहर की स्वच्छता में मेरी भूमिका विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री गुरुनाम सिंह, नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी और स्वास्थ्य प्रभारी एपीसिंह की मौजूदगी में किया गया। इस मौके पर 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रंगो के माध्यम से सुंदर शहर की कल्पना को केनवास पर उतारा है।

स्कूली बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से घर और शहर की सडकों से निकले कचरें के निपटान, इसका उपयोग खाद के रुप में करने आदि व्यवस्था से जुड़े चित्र भी बनाए। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य अवनीश पाण्डे, प्रधान अध्यापिका सरला माहेश्वरी सहित अतिथियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वतीय और तृतीय स्थान पर रहे प्रतियोगियों को शील्ड व प्रमाणपत्र भेंट किए वहीं अन्य सभी प्रतियोगियों को स्वच्छता सम्मान भेंट किए गए।स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रंगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालो को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रंगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

अवन्तिका

**अब फिर वही कवायद, कमेटी बनाई**

# उच्च पदनाम देने का 10 माह पहले हो चुका था निर्णय, विभाग दबाए बैठे रहे फाइल



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** पदोन्नति के अभाव में राज्य कर्मचारियों को उच्च पदनाम दिए जाने का निर्णय दस माह पहले ही सरकार ले चुकी थी। संबंधित विभागों को निर्देश जारी होने के बाद भी विभाग फाइल दबाए रहे। इसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। अब फिर से कवायद शुरू हुई है।

राज्य में 2016 से कर्मचारियों की पदोन्नति पर रोक लगी हुई है। तब से अब तक 35 हजार से अधिक कर्मचारी पदोन्नति के बिना सेवानिवृत्त हो चुके हैं। पदोन्नति के अभाव में सरकारों को समय-समय पर कर्मचारियों की नाराजगी का सामना भी करना पड़ा। इसके लिए प्रयास भी शुरू हुए, लेकिन इसके सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए। हाल ही में राज्य सरकार ने उच्च पदनाम देने देने के लिए समिति का गठन किया। समिति अपनी अनुशंसा राज्य सरकार को सौंप चुकी है।

**धूल खा रही फाइल :** सामान्य प्रशासन विभाग ने 8 मार्च 2020 को राज्य के सभी विभागों को निर्देश दिए थे कि जब तक पदोन्नति का प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, तब तक राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, आइएएस, आइपीएस की तरह उच्च पद पर दी जाने वाली क्रमोन्नति अन्य विभागों में भी लागू की जाए। सामान्य प्रशासन विभाग ने विभागों को भर्ती नियम में संशोधन करने को कहा था, लेकिन विभागों ने इस पर काम नहीं किया। सत्ता बदलते ही यह मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इसको लेकर पूर्व सामान्य प्रशासन मंत्री डॉ. गोविंद सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र भी लिखा है। इसमें उन्होंने पहले लिए गए निर्णय का हवाला देते हुए कर्मचारियों को उच्च पदनाम दिए जाने का आग्रह किया है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका नई दुनिया। पृष्ठ 06 दिनांक 23/01/2021

# मुख्यमंत्री चौहान के प्रस्तावित दौरे को लेकर संशय

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 27 जनवरी को रतलाम के प्रस्तावित दौरे पर संशय के बादल मंडराने लगे हैं। सीएम के दौरे को लेकर एक तरफ तो पुलिस-प्रशासन की तैयारियां जारी हैं, वहीं दूसरी ओर अब दौरे को लेकर ही अटकलों का दौर शुरू हो गया है। दरअसल रतलाम दौरे के दिन ही सीएम का देवास के साथ ही ओमकारेश्वर का भी कार्यक्रम तय हुआ है।

ओमकारेश्वर का कार्यक्रम अचानक से तय होने के चलते रतलाम के कार्यक्रम को लेकर स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। फिलहाल तो रतलाम आना तय बताया जा रहा है लेकिन इस तरह के वीआईपी दौरों को लेकर अंतिम समय तक स्थिति स्पष्ट नहीं होती है। दरअसल सीएम के रतलाम दौरे के दौरान वह डोसी गांव स्थित अफोर्डेबल हाउस के साथ ही अन्य योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। पत्रिका।

## आगे बढ़ा मुख्यमंत्री का दौरा अब पांच फरवरी को संभावित

रतलाम। 27 जनवरी को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का 27 जनवरी को प्रस्तावित दौरा आगे बढ़ गया है। 27 जनवरी को ओंकारेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के चलते मुख्यमंत्री अब 5 फरवरी को रतलाम आ सकते हैं। हालांकि अभी अधिकृत तारीख तय होना बाकी है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के समक्ष रतलाम में नगर निगम द्वारा पांच साल की विकास योजनाओं को लेकर प्रजेंटेशन दिया जाना है। विकास के रोडमैप को लेकर निगम ने प्रजेंटेशन तैयार भी कर लिया है। इसके साथ ही शहर से जुड़ी प्रमुख योजनाओं, डोसीगांव पीएम आवास योजना के 100 हितग्राहियों के गृह प्रवेश, पलसोड़ा में अटल प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

नईदुनिया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 03 दिनांक 23/01/2021

## 578 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। अब तक 578 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शुक्रवार को विभिन्न स्थानों से सात मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

# वार्ड वार बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नगर निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर की शुरुआत सोमवार से की गई। शिविर 27 मार्च तक लगेंगे।

शिविरों में नागरिक नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड क्रमांक 4, 5 व 13 के लिए 23 जनवरी को अम्बे माता मंदिर जवाहर नगर, वार्ड क्रमांक 4 व 5 के लिए 25 व 27 जनवरी को विनोबा नगर पानी की टंकी के पास, वार्ड क्रमांक 6 व 7 के लिए 28 जनवरी को अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 9 व 10 के लिए 29 जनवरी को तिरुपति नगर, वार्ड क्रमांक 8 के लिए 30 जनवरी को कोमल नगर में बकाया वसूली शिविर लगेगा। नईदुनिया

## जवाहर नगर में आज लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

रतलाम. नगर निगम ने बकाया कर वसूली के लिए व नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये है जो 27 मार्च तक चलेंगे। संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेगें।

निगम द्वारा आयोजित शिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर शिविर में संपत्तिकर 1.10 लाख रुपए व जलकर 6 हजार रुपए, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा शिविर में संपत्तिकर 1.40 लाख रुपए व जलकर 55,775 रुपए, अम्बे माता जवाहर नगर शिविर में संपत्तिकर 90 हजार रुपए व जलकर 35,010 रुपए की राशि जमा कराई। इस तरह नागरिकों ने अब तक आयोजित शिविरों में 3.40 लाख रुपए संपत्तिकर व 96,785 रुपए जलकर की राशि जमा कराई।

पत्रिका 23/01/21.

## 127 वॉल्व व 633 पाइप लीकेज ठीक किए

रतलाम. शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को निरंतर बनाये रखने तथा जलप्रदाय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ बनाये जाने के लिए नगर निगम द्वारा पाईप लाईन व वॉल्व लीकेज दुरस्त करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा 23 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया था। शुक्रवार तक 127 वॉल्व व 633 पाईप लाईन लीकेजों को दुरस्त किया जा चुका है। शुक्रवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के मैदान, इन्द्रलोक नगर, जवाहर नगर संध्या स्कूल के बाहर, भगतपुरी मुख्य मार्ग, टाटा नगर व गांधी नगर में पाईप लाईन लीकेज दुरस्ती का कार्य करवाया गया।

## सात मवेशी पकड़े गए

रतलाम. नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है। जिसके अंतर्गत 12 अक्टूबर से अभियान की शुरुआत की गई थी। शुक्रवार तक 578 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया है। अभियान में शुक्रवार को 7 मवेशी पकड़े गए। पत्रिका

## 92 दिनों में 127 वॉल्व और 633 पाइप लीकेज की मरम्मत

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 92 दिनों में 127 वॉल्व व 633 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। शुक्रवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के मैदान, इंद्रलोक नगर, जवाहर नगर संध्या स्कूल के बाहर, भगतपुरी मुख्य मार्ग, टाटा नगर व गांधी नगर में पाइप लाइन लीकेज ठीक करवाया गया। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

दैनिक... 23/01/21

## जहां महिला की मौत हुई, वहां चार महीने पहले निगम दुकानदारों के खिलाफ बना चुका है पंचनामा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

खरबड़ फोरलेन सड़क किनारे सब्जी व फलों की दुकानें लगाने वालों के खिलाफ सितंबर में निगम अमले ने कार्रवाई की थी व पंचनामा बनाया था।

पंचनामा बनाने के दौरान अमले ने सख्त हिदायत दी थी कि दुकानें रोड किनारे नहीं लगना चाहिए और 10 फीट पीछे लगना चाहिए। आपके कारण भविष्य में दुर्घटना नहीं होना चाहिए लेकिन निगम का अमला हिदायत देकर और पंचनामा बनाकर भूल गया। इसके बाद ना तो अफसरों ने ध्यान दिया और ना ही सड़क किनारे दुकानें लगाने वाले लोगों को हटाया। इससे सब्जी और फल के ठेले लगाने वाले रोड पर तक आ गए। इससे रोड किनारे लगी इन दुकानों से सब्जी खरीदने जा रही टैगोर कॉलोनी निवासी इंदिरा पति रामचंद्र बगमार की दुर्घटना में मौत हो गई। अफसर ध्यान देते तो ऐसा नहीं होता।

**कार्रवाई की जाएगी :** नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह ने बताया अस्थायी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ राजस्व विभाग के अमले के साथ पहुंच कार्रवाई की जा रही है। भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– इन्दौर समाचार पृष्ठ 02 दिनांक 23/01/2021

# गंदगी करने पर 8 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

## सिलेक्शन इन्टरप्राईजेस अभद्र व्यवहार करने की होगी कार्यवाही

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर मोदी किराना बलू मोदी बाजार व ललीत खेरादीवास पर 500-500, बैंगलोर मसाला डोसा, गनेश चाईनीज, श्री सांई चाईनीज, सत्यम चाईनीज, मुम्बई चाईनीज व महाकाल चाईनीज पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पीओएस मशीन के माध्यम से ऑन लाईन किया गया। इसके अलावा माणक चौक क्षेत्र में सिलेक्शन इन्टरप्राईजेस द्वारा स्पॉट फाईन दल से अभद्र व्यवहार करने पर संबंधित के विरूद्ध कार्य करने हेतु माणक चौक थाना प्रभारी को पत्र लिखा गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाडे, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलवा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितो के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। इन्दौर

## स्वच्छंद विचरण करने वाले 571 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 21 जनवरी तक 565 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 21 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 565 मवेशियों को पकड़ जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 21 जनवरी को अलकापुरी, कस्तुरबा नगर, मुखर्जी नगर, विरियाखेड़ी व जवाहर नगर से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालको के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है। इन्दौर

## सूचना पत्र जारी

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) शाखा की सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोलिया, श्रीमती रेखा राठौर, श्रीमती हेमा सिलावट, सुश्री निर्मला राय द्वारा पी.एम. स्वनिधी प्रकरणों के लक्ष्य की पूर्ति नहीं किये जाने पर सेवा अनुबंध समाप्ति हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इन्दौर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 1 ......दिनांक......23/01/2021

स्वच्छता की खातिर सीसीटीवी कैमरों से रखी जा रही निगरानी

# गंदगी फैलाने वाले 23 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने पर मित्तल एग्रो गायत्री टॉकीज रोड पर 300, करण, शांतिलाल, गोपाल, जीवन मोबाइल, सुरेश, अब्दुल, कनक इलेक्ट्रॉनिक, मोहम्मद इब्राहिम, सैलाना बस स्टैंड, गायत्री स्टोर, चौहान रुई भंडार, न्यू किसान, प्रभात किरण, जुल्फीकार, विष्णु, कृष्णा खाद बीज भंडार, गायत्री टॉकीज रोड, वैभव कलेक्शन, गरबा साड़ी शहर सराय पर 250-250, ठाकुर शूज सैलाना बस स्टैंड, सत्री गोगल गायत्री टॉकीज रोड पर 200-200 व गोपाल सैलाना बस स्टैंड पर 50 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान द्वारा की गई।



गंदगी करने पर जुर्माना वसूलते हुए निगमकर्मी। ● नईदुनिया

नईदुनिया

# गंदगी करने पर 8 व्यक्तियों पर जुर्माना किया

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार गंदगी करने पर मोदी किराना डालू मोदी बाजार व ललीत खेरादीवास पर 500-500, बैंगलोर मसाला डोसा, गणेश चाईनीज, श्री साई चाईनीज, सत्यम चाईनीज, मुम्बई चाईनीज व महाकाल चाईनीज पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पीओएस मशीन के माध्यम से ऑन लाईन किया गया। राज.

# गंदगी करने पर 23 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया

रतलाम @ पत्रिका. नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। शुक्रवार को गंदगी करने पर मित्तल एग्रो गायत्री टॉकिज रोड पर 300, करण, शांतिलाल, गोपाल, जीवन मोबाईल, सुरेश, अब्दुल, कनक इलेक्ट्रॉनिक, मोहम्मद इब्राहिम, सैलाना बस स्टैण्ड, गायत्री स्टोर, चौहान रूई भण्डार, न्यू किसान, प्रभात किरण, जुल्फीकार, विष्णु, कृष्णा खाद बीज भण्डार, गायत्री टॉकिज रोड, वैभव कलेक्शन, गरबा साड़ी शहर सराय पर 250-250, ठाकुर शुज सैलाना बस स्टैण्ड, सत्री गोगल गायत्री टॉकिज रोड पर 200-200 व गोपाल सैलाना बस स्टैण्ड पर 50 रूपये का स्पॉट फाईन पीओएस मशीन के माध्यम से ऑन लाईन किया गया। पत्रिका।

# गंदगी करने पर 8 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है । अग्निपथ